दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांकः 09.03.2026

प्रकाशनार्थ

गोरखपुर 09.03.2026। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के रसायन विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ प्रतिमा सिंह के नेतृत्व में सत्र 2025–26 के एकेडमिक ऑडिट का आयोजन डॉ कमलेश कुमार, सहायक प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग, किरोड़ीमल पी0जी0 कालेज, दिल्ली (सम्बद्ध दिल्ली विश्वविद्यालय) एवं महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी के निदेशक प्रो परीक्षित सिंह के संयुक्त निर्देशन में किया गया।

डॉ. कमलेश कुमार ने महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के शैक्षणिक सत्र 2025–26 के समस्त अभिलेखों की जाँच करते हुए आवश्यक सुझाव दिया, कि शोध एवं नवाचार में अत्यधिक कार्य करने की आवश्यकता है, उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री एवं हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी के ''सपनो का भारत'' बनाने के लिए हमे ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता'' का उपयोग करते हुए भारत के विभिन्न शैक्षिक एवं शोध संस्थानों में गुणवत्ता पूर्ण शोध एवं नवाचार पर विशेष बल देने की आवश्यकता है। आप सभी लोग महाविद्यालय के अपने संकाय/विभाग को अपनी एक विशेष पहचान बनाए जिससे महाविद्यालय की गुणवत्ता तुलनात्मक रूप से बढ़ती है।

उक्त अवसर पर प्राचार्य, प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने अकादमी लेखा परीक्षण की गुणवत्ता पर बल देते हुए बताया की हमारे महाविद्यालय के विकास में विभागीय उपलब्धियों का ही योगदान होता है। जिस प्रकार एम. एस.सी. अंतिम वर्ष परास्नातक रसायनशास्त्र के छात्र रत्नेश्वर भट्ट का पहले प्रयास में सी0एस0आइ0आर0 नेट जे0आर0एफ0 में देश में 34वॉ स्थान प्राप्त किया एवं विकास कुमार प्रजापति ने शोध करने हेतु अर्हता प्राप्त की है जिसमें से रत्नेश्वर भट्ट को देश के प्रमुख संस्थान इण्डियन इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर में शोध कार्य हेतु पंजीकरण हुआ है, जो विभागीय गुणवत्ता में शिक्षकों के योगदान को बताता है कि हमारे छात्र–छात्राओं का चयन ही हमारी गुणवत्ता का परिचायक है।

डॉ. प्रतिमा सिंह ने मुख्य अतिथि के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि तैयारी में पूरा श्रेय हमारी टीम को जाता है, जिससे की हम सभी प्रकार के एकेडमिक कार्य को सुलभता से सम्पन्न कर लेते हैं।

इस अवसर पर विभाग के सदस्य डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. रमाशंकर सिंह यादव, डॉ. कंचनलता सिंह, श्री शिवेन्द्र पाल, श्री प्रदीप यादव एवं श्री महेन्द्र जी उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम की जानकारी मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने दी।

डॉ. शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क